मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 01/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-507/2025
1 सितम्बर 2025
कैम्प पटना
====================

★ पटना स्थित श्रीमती राबड़ी देवी आवास पहुंचे मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, श्री लालू प्रसाद यादव से की मुलाकात।
=====================

★ संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक है लालू प्रसाद यादव।
=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री लालू प्रसाद यादव का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई।

संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक है लालू प्रसाद यादव

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री लालू प्रसाद यादव संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब,पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं। दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेज़ी से संभव हो सकेगा।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

###

============

#Team PRD CMO